# प्रेस नोट थाना कलान
# जनपद शाहजहाँपुर

**सराहनीय कार्य दिनांक 04.05.2025**

**थाना कलान पुलिस टीम द्वारा किया गया सराहनीय कार्य**

## "थाना कलान पुलिस टीम द्वारा हत्या के मुकदमे में 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार"

पुलिस अधीक्षक जनपद शाहजहाँपुर महोदय के निर्देशानुसार जनपद में अपराध की रोकथाम, वांछित व वारण्टी अभि0गणो की गिरफ्तारी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अनुक्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदया के निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी जलालाबाद महोदय के निकट पर्यवेक्षण में थाना कलान पुलिस को बडी सफलता प्राप्त हुई है।

### घटना का संक्षिप्त विवरण

दिनांक 09.04.25 को थाना कलान, जनपद शाहजहाँपुर में वादिनी श्रीमती सुनीता पत्नी शेर सिंह उर्फ मुकेश नि0 अब्दुल्ला नगर मिलकिया, थाना कलान, जनपद शाहजहाँपुर के पति शेर सिंह उर्फ मुकेश की अभियुक्तगण 1. ज्ञानेन्द्र उर्फ ज्ञानू पुत्र नत्थू सिंह 2. आलोक पुत्र नत्थू सिंह नि0 ग्राम अब्दुल्लानगर मिलकिया, थाना कलान, जनपद शाहजहाँपुर 3. अजय गुप्ता पुत्र रामाधार गुप्ता नि0 कस्बा व थाना कलान, जनपद शाहजहाँपुर 4. दो व्यक्ति अज्ञात द्वारा फावड़ा, रॉड व अन्य धारदार हथियार से मार कर हत्या कर देने तथा शव को पानी के गड्ढे में डालकर मिट्टी से दबाने की कोशिश करने के सम्बन्ध में उपरोक्त की तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 118/25 धारा 103(1)/238/3(5) बीएनएस पंजीकृत किया गया। उपरोक्त मुकदमें की विवेचना प्रभारी कलान द्वारा सम्पादित की जा रही है दौराने विवेचना धारा 103(1) का लोप कर धारा 105(1) की वृद्धि की गयी। अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन कर लगातार प्रयास किया जा रहा था तथा विवेचना से अज्ञात विपिन पुत्र रामलडैते नि0 अब्दुल्ला नगर मिलकिया, थाना कलान, जनपद शाहजहाँपुर का नाम प्रकाश में आया। अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन कर लगातार प्रयास किया जा रहा था। उक्त टीम द्वारा आज दि0 04.05.2025 को समय करीब 05.30 बजे अभियुक्त विपिन पुत्र रामलडैते नि0 अब्दुल्ला नगर मिलकिया, थाना कलान, शाहजहाँपुर को मुखबिर की सूचना पर उदियाबारा चौराहे से दुकानों के पास खेत के निकट से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रही है।

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण

1. विपिन पुत्र रामलडैते नि0 अब्दुल्ला नगर मिलकिया, थाना कलान, जनपद शाहजहाँपुर

### पंजीकृत अभियोग का विवरण

मु0अ0सं0 118/2025 धारा 105(1),238,3(5) बीएनएस थाना कलान, जनपद शाहजहाँपुर

### गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम का विवरण

प्रभारी निरीक्षक प्रभाष चन्द्र  
उ0नि0 यशपाल सिंह  
हे0का0 117 महेन्द्रनाथ शुक्ला  
का0 2003 वसु आर्य